आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20 भारत 2023 INDIA
INTERNATIONAL YEAR OF MILLETS 2023

मसाला समाचार

जुलाई -दिसंबर 2022 (खंड : 33, अंक 02)

इस अंक में

मुख्य समाचार	1
अनुसंधान अद्यतन	2
प्रमुख घटनाएं	7
प्रौद्योगिकी का स्थानांतरण	21
विस्तार गतिविधियां	26
हिंदी अनुभाग	29
कृषि विज्ञान केंद्र	34
अन्य गतिविधियां	36
प्रकाशन	51

मुख्य समाचार

संस्थान को तीसरी बार "सरदार पटेल उत्कृष्ट आईसीएआर संस्थान पुरस्कार" प्राप्त हुआ

भाकृअनुप-भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान, कोषिक्कोड, केरल को सर्वश्रेष्ठ आईसीएआर संस्थान का "**सरदार पटेल उत्कृष्ट आईसीएआर संस्थान पुरस्कार 2021**" से सम्मानित किया गया। संस्थान ने देश की मसाला अर्थव्यवस्था को आकार देने और मसाला क्षेत्र में भारत को वैश्विक नेता बनाने में एक निर्णायक और मौलिक भूमिका निभाई है। अनुसंधान क्षेत्र में उत्कृष्टता के इस निरंतर प्रयास के लिए यह प्रतिष्ठित मान्यता प्राप्त हुई। पुरस्कार समिति ने माना कि संस्थान का ध्यान सामाजिक और भौगोलिक रूप से वंचित हितधारक समूहों पर कंद्रित करने के परिणामस्वरूप कमज़ोर समुदायों के लिए जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के साथ-साथ हैंडहोल्डिंग वाणिज्यक के माध्यम से मसाला श्रृंखलाओं द्वारा पेश की जाने वाली व्यावसायिक क्षमता का दोहन करने के उद्देश्य से कई प्रभावी हस्तक्षेप कार्यक्रम पर भी जुड़े हुए हैं। संस्थान के निदेशक ने नई दिल्ली में परिषद के 94वें स्थापना दिवस समारोह में माननीय केंद्रीय कृषि मंत्री श्री. नरेंद्र सिंह तोमर से पुरस्कार प्राप्त किया। इस पुरस्कार में 10 लाख रुपये के नकद पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र और एक फलक भी शामिल है। संस्थान को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार तीसरी बार मिला है।

डॉ. सी. के. तंकमणी ने परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर श्री. नरेंद्र सिंह तोमर, माननीय केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री से प्रतिष्ठित सरदार पटेल उत्कृष्ट आईसीएआर - संस्थान पुरस्कार प्राप्त किया।

आईआईएसआर मनुश्री (अप्पंगला-3) - एआईसीआरपीएस की 33वीं वार्षिक समूह बैठक में पहचान गई नई नमी तनाव सहिष्णु छोटी इलायची किस्म

आईआईएसआर ने मनुश्री (अप्पंगला -3) नामक एक नई इलायची किस्म विकसित की, जिसे 13-15 अक्तूबर 2022 को आयोजित एआईसीआरपीएस की 33वीं वार्षिक समूह बैठक में ज़ारी करने की सिफारिश की गई थी। यह किस्म मलबार प्रकार की है और इसे आईसीएआर-आईआईएसआर क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पंगला, कोडगु, कर्नाटक के जर्मप्लासम संग्रह, आईसी 349537 से चुना गया। यह किस्म नमी तनाव सहिष्णु है। यह सिंचित स्थितियों के तहत 550 किलोग्राम सूखे कैप्स्यूल/हेक्टर की स्थिर उपज क्षमता और नमी तनाव की स्थिति के तहत 360 किलोग्राम सूखे कैप्स्यूल /हेक्टर देता है। इस किस्म में 8.74%एसनश्यल तेल सिंचाई की स्थिति में और 8.84% एसनश्यल तेल नमी तनाव की स्थिति में है, जिसमें 50% कैप्स्यूल > 8 मि.मी. आकार के हैं। एसनश्यल तेल घटकों जैसे α-टरपिनिल एसिटेट और 1.8-सिनोल ने नियंत्रण और नमी तनाव की स्थिति में महत्वपूर्ण भिन्नता नहीं दिखाई। इस किस्म को कर्नाटक और केरल के छोटी इलायची उगाने वाले इलाकों के लिए सिफारिश की गई है।

आईआईएसआर मनुश्री आईसीएआर-आईआईएसआर, क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पंगला द्वारा विकसित एक नई नमी तनाव सहिष्णु इलायची किस्म

काली मिर्च में आशाजनक जीनोटाइप पहचान के लिए भारित पैरामीटर इंडेक्स

काली मिर्च में आशाजनक जीनोटाइप की पहचान हेतु उपज योगदान लक्षणों के लिए भारित पैरामीटर को प्रस्तावित किए गए हैं जो उपज को अधिकतम भार और घनत्व, स्पाइक लंबाई और फलों की संख्या को अनुगामी दिया गया था। अन्य लक्षण जो वेटेज दिया जाता है, वे है प्रति शाखा में स्पाइक, स्पाइक सेटिंग, बरी का आकार, पेरिकार्प को मोटापन, सूखे उपज

इलायची सूक्ष्म पोषक सूत्रीकरण के लिए आईआईएसआर को पेटेंट मिला

संस्थान को इलायची सूक्ष्म पोषक सूत्रीकरण के लिए 30 नवंबर, 2022 को एक पेटेंट (पेटेंट संख्या 413017) से सम्मानित किया गया। इस तकनीक को आईसीएआर-आईआईसआर, कोषिक्कोड के डॉ. वी. श्रीनिवासन, डॉ. आर. दिनेश और डॉ. एस. हमज़ा, की टीम द्वारा विकसित किया गया था।



INTELLECTUAL PROPERTY INDIA

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
पेटेंट कार्यालय
THE PATENT OFFICE
पेटेंट प्रमाणपत्र
PATENT CERTIFICATE

पेटेंट सं. / Patent No.	413017
आवेदन सं. / Application No.	1681/CHE/2015
फाइल करने की तारीख / Date of Filing	31/03/2015
पेटेंटी / Patentee	INDIAN INSTITUTE OF SPICES RESEARCH
आविष्कारक (जहां लागू हो) / Inventor(s)	1.SRINIVASAN VEERARAGHAVAN 2.RAGHAVAN DINESH 3.HAMZA SRAMBIKKAL

It is hereby certified that a patent has been granted to the patentee for an invention entitled A MICRONUTRIENT COMPOSITION FOR CARDAMOM AND A PROCESS FOR ITS PREPARATION as disclosed in the above mentioned application for the term of 20 years from the 31st day of March 2015 in accordance with the provisions of the Patents Act,1970.

Date of Grant : 30/11/2022

Controller of Patent

आईसीएआर-आईआईएसआर को सूक्ष्म पोषक सूत्रीकरण के लिए प्राप्त पेटेंट का प्रमाण पत्र

जल्दी पकने वाले प्रकार आदि। अतिरिक्त पैरामीटर्स जो वेटेज दिया जाता है, वे है फाइटोफ्थोरा प्रतिरोधकता, सूत्रकृमि प्रतिरोधकता, सूखा सहिष्णुता, एन्थ्राक्नोज़ प्रतिरोधकता, उच्च पाइपरिन और उच्च ओलिओरसिन आदि।

काली मिर्च में सूखा सहनशीलता के लिए आशाजनक प्रकारों की छान-बीन

सूखा सहनशील काली मिर्च की चालीस जननद्रव्य अक्सेशनों का सात रूपात्मक गुणों के लिए खेत मूल्यांकन किया गया और अध्ययन के तहत सभी लक्षणों के लिए परिवर्तनशीलता की विस्तृत श्रृंखला देखी गई थी। युपीजीए क्लस्टरिंग विश्लेषण के आधार पर जीनोटाइप को पांच क्लस्टरों में बांटा गया था। क्लस्टर 2 में सबसे अधिक जीनोटाइप (12) थे, इसके बाद क्लस्टर 3 में 10 जीनोटाइप और क्लस्टर 5 में एक जीनोटाइप था।

एनएजीएस, आईआईएसआर, कोषिक्कोड में अनुरक्षित काली मिर्च अक्सेशनों के चयनित सेट का उपयोग करके लक्षण वर्णन, आनुवंशिक विविधता विश्लेषण और सहसंबंध अध्ययन

इस अध्ययन में, काली मिर्च के एनएजीएस में संरक्षित 696 काली मिर्च अक्सेशनों को आईपीजीआरआई विवरणकों के अनुसार 27 गुणात्मक ओर 21 मात्रात्मक लक्षणों के लिए संवर्धित आरसीबीडी में विविधता की सीमा का पता लगाने, लक्षणों के बीच जुड़ाव और एक मुख्य संग्रह बनाने के लिए चरित्रांकित किया गया था। स्पाइक की लंबाई 7.36 से. मी. औसत के साथ 3.00 से 15.80 से. मी. तक होती है। प्रति बेल ताज़ा बरी की उपज 1277.53 ग्राम/बेल की औसत उपज के साथ 200 ग्राम से 6850 ग्राम तक होती है। पाइपरिन सामग्री 3 प्रतिशत के औसत के साथ 1.01 से 7.76 प्रतिशत के बीच थी। लक्षण, पत्ती की लंबाई और पत्ती की चौड़ाई ने स्पाइक की लंबाई के साथ सकारात्मक सहसंबंध प्रदर्शित किया, लेकिन फल सेटिंग प्रतिशत और गुणवत्ता मापदंडों के साथ महत्वपूर्ण नकारात्मक सहसंबंध दिखाया। अक्सेशन आईसी 316500, आईसी 316510, आईसी 316550, आईसी 316611, आईसी 316639, आईसी 316788 और आईसी 596345 को प्रति पौधा ताज़ा बेरी उपज के लिए आशाजनक पाया गया। निकटतम प्रवेश दूरी पद्धति के औसत प्रवेश के आधार पर कोर हंटर-3 का उपयोग करते हुए 70 विविध अक्सेशनों का एक उप समुच्चय बनाया गया, जो संघ अध्ययन के लिए एक मिनि -कोर के रूप में काम करेगा। कई आशाजनक जीनोटाइप देखे गए जिनका प्रजनन कार्यक्रमों में अनुकूल उपयोग किया जा सकता है।

काली मिर्च में स्पाइक लक्षणों के आनुवंशिक परिवर्तनशीलता

डीडीआरएडी अनुक्रमण के आधार पर हल्दी के कृषि संबंधी महत्वपूर्ण लक्षणों के लिए जीनोम संबंध विश्लेषण (जीडब्ल्युएएस)

विभिन्न कृषि-रूपात्मक गठन के साथ 51 हल्दी जीनोटाइप का उपयोग करके हल्दी में कुरकुमिन सामग्री, प्रकंद परिधि और प्रकंद लंबाई जैसे मूल्यवान कृषि संबंधी लक्षणों से जुड़े एसएनपी प्राप्त करने के लिए जीडब्ल्युएएस किया गया था। इन लक्षणों के लिए दो वर्षों के खेत मूल्यांकन के आधार पर फेनोटाइपिक अवलोकन किया गया। उच्च

गुणवत्ता वाले 30,438 एसएनपी को < 10% लापता आंकडे और हल्दी के डीडीआरएडी आधारित जीनोम अनुक्रमण से प्राप्त साधारण एलील आवृत्ति के > 5% के आधार पर फिल्टर किए गए थे, जिनका संघ विश्लेषण के लिए उपयोग किया गया था। यहां प्रप्त परिणाम अपनी तरह के पहले है और इससे हल्दी के प्रकंद लक्षणों और कुरकुमिन सामग्री जैसे गुणवत्ता लक्षणों के आनुवंशिक आधार को समझने में मदद मिलेगी।

उच्च उपज वाले संकर पीएच-13 के क्लंप, ताज़े और सूखे कैप्स्यूल

छोटी इलायची की संकर किस्मों पर सीवीटी

नौ संकर और एक राष्ट्रीय चैक किस्म में किये गये सीवीटी परीक्षण में प्रति पौधा उच्चतम ताज़ा और शुष्क उपज संकर पीएच 13 (क्रमश: 630 कि. ग्रा./पौधा और 1.18 कि. ग्रा. /पौधा) में दर्ज की गई, जो पीएच -14 और बोल्ड × आईसी 547219 के बराबर थी जहां प्रति पौधा शुष्क उपज क्रमश : 0.94 और 0.82 कि. ग्रा./पौधा थी। संकर पीएच-13, जिसने उच्च उपज दर्ज की, में 1 ग्रेड - 8 मि. मी. और उससे अधिक (65.81%) कैप्स्यूल का उच्चतम प्रतिशत था, जिसके बाद पीएच-14 (62.85%) और बोल्ड× आईसी 547219 (52.98%) था।

भू-स्थानीय तकनीकों के उपयोग से केरल में हल्दी के लिए भूमि उपयुक्तता का विश्लेषण

भू-स्थानीय तकनीकों का उपयोग करके केरल में हल्दी के लिए भूमि उपयुक्तता का विश्लेषण किया गया। उपयुक्तता विश्लेषण के लिए जलवायु संबंधी मापदंडों (वर्षा, तापमान) भूमि की विशेषताएं (मिट्टी की जल निकासी, मिट्टी की गहराई , मिट्टी का पिएच) और कटाव के खतरे (ढलान) पर विचार किया गया। वर्तमान उपयुक्तता की तुलना 2050 (आरसीपी 4.5 सिनारियो) में भविष्य की उपयुक्तता (आरसीपी 4.5 परिदृश्य के लिए) के साथ की गई थी। विश्लेषण से पता चला कि वर्तमान में केरल के दक्षिणी जिले हल्दी की खेती के लिए अत्यधिक उपयुक्त है जबकि उत्तरी जिले मध्यम रूप से उपयुक्त है और त्रिश्शूर और पालक्काड सामान्य रूप से उपयुक्त है।



वर्तमान (2020) और भविष्य (2050) के हल्दी के लिए भूमि की उपयुक्तता दिखाने वाले मानचित्र

अनुसंधान अद्यतन

मसालों की लक्षित उपज के लिए मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक सिफारिश *(IISR-eSOFT) -डीएसएस लॉच किया गया।*

यह सॉफ्टवेर मिट्टी की प्रारंभिक उर्वरता, प्रति इकाई उपज के लिए अपेक्षित पोषण (एनआर), मिट्टी से पोषक तत्वों का योगदान (सीएस) और उर्वरक (सीएफ) से योगदान जैसे कारकों के आधार पर लक्षित उपज के लिए उर्वरक सिफारिशों से प्राप्त करने के लिए है जो मानकीकृत, मान्य और प्रमुख मसाला फसलों जैसे काली मिर्च, अदरक, हल्दी और इलायची के लिए अनुशंसित है। इस लक्षित पोषक आपूर्ति के माध्यम से हम मिट्टी में पोषक तत्वों के असंतुलन से बच सकते हैं, उर्वरक उपयोग-दक्षता में सुधार कर सकते हैं और तमाम सिफारिश की तुलना में उपज बढ़ा सकते हैं। जुलाई 2022 में आयोजित आरएसी बैठक के दौरान उर्वरक सिफारिशें प्राप्त करने के लिए एक निर्णय समर्थन प्रणाली आईआईएसआर ईसोफ्ट शुरू की गई थी।

इलीसियम स्पीसीस का बाष्पशील विश्लेषण

अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट क्षेत्र से एकत्र किए गए एक स्थानीय इलीसियम स्पीसीस की अस्थिर संरचना के लिए विश्लेषण किया था। एसनश्यल तेल के जीसी-एमएस प्रोफाइल से पता चला है कि इलीसियम वर्म (स्टार एनिस) में मौजूद ट्रांस - एनेथोल की तुलना में मिरिस्टिसिन (30%) इस प्रजाति का प्रमुख घटक है। एसनश्यल तेल में पहचान गये अन्य प्रमुख बाष्पशील घटक है लिनालूल (13.4%), कैरियोफिलिन (3.7%), डी-जर्माक्रीन (3.3%), बीटा-कैडिनिन (2.9%) और अल्फा कैडिनिन (2.8%) आदि।

अरुणाचल प्रदेश के पासीघाट क्षेत्र से एकत्रित इलीसियम स्पीसीस

कुरकुमा कैसिया से गैर-स्टार्च पॉलीसेकेराइड का अलगाव और लक्षण वर्णन

ताजा *कुरकुमा कैसिया* प्रकंद के गैर-स्टार्च पॉलीसेकेराइड अंशों को *इन विट्रो* एंटी-ऑक्सिडेंट गतिविधियों के विश्लेषण में निकाला और इस्तेमाल किया गया था। पॉलीसेकेराइड में 0.02 मिलीग्राम /एमएल ग्लूकोज़ समतुल्य होता है और इसमें क्रमश: 62 मिलीग्राम जीएई/एमएल और 22 मिलीग्राम क्युई/एमएल की सांद्रता में फेनोलिक्स और फ्लेवनोइड्स भी होते हैं। पॉलीसेकेराइड में शर्करा की संरचना का एचपीएलसी का उपयोग करके विश्लेषण किया गया और यह पाया गया कि गैलेक्टोज़ प्रमुख चीनी है जिसके बाद ज़ाइलोस और ग्लूकोस है।

मिट्टी की फॉस्फोरस घुलनशीलता और विकास को बढ़ावा देने के लिए आशाजनक फॉसफेट घुलनशील बैक्टिरिया (पीएसबी) का ग्रीन हाउस मूल्यांकन

पीएसबी के प्रयोग से हल्दी के विकास में महत्वपूर्ण रूप से वृद्धि हुई, जैसा कि 60 डीएपी पर अनुपचारित पौधों की तुलना में टिलरों की बढ़ी हुई संख्या, प्ररोह की लंबाई, पत्तियों की संख्या, प्ररोह और जड़ के शुष्क भार आदि से

प्रमाणित है। पीएसबी उपचारों में, उपलब्ध फॉस्फोरस को *बी. सर्फेंसिस* + *बी. सेरेस* + 75% फॉस्फोरस, *बी. सर्फेंसिस* +*बी. मारिसफ्लेवि* + 75% फॉस्फोरस और *बी. सर्फेंसिस* +75% फॉस्फोरस के उपचार में काफी अधिक पाया गया।

मृदा पी घुलनशीलता और विकास संवर्धन के लिए पीएसबी का खेत मूल्यांकन

उपचारों के बीच, 75% पी + *बी. सर्फेंसिस* वाले उपचार ने उल्लेखनीय रूप से उच्च प्रकंद उपज दर्ज की और नियंत्रण (100%पी) और पूर्ण नियंत्रण की तुलना में वृद्धि 46.5 % और 58.0% अधिक थी। मिट्टी में उपलब्ध पी के संबंध में, 50% या 75% या 100% पी के साथ *बी. सर्फेंसिस* के संयुक्त अनुप्रयोग से जुड़े सभी उपचारों में स्तर काफी अधिक थे। *बी. सर्फेंसिस* उपचार में उच्च माइक्रोबियल गतिविधि की पुष्टि डीहाइड्रोजनिस पर अवलोकन के साथ की गई, जिसने *बी. सर्फेंसिस* + 75% पी में अधिक स्तर दर्ज किया और एसिड फॉस्फेट गतिविधि में इसी वृद्धि 100% पी की तुलना में 26.5% अधिक थी।

फाइटोफ्थोरा ट्रोपिकालिस से प्रभावकारक जीन का विश्लेषण

RxLR 29 जीन को *फाइटोफ्थोरा ट्रॉपिकालिस* आईसोलेट 98-93 से क्लोन किया गया और अनुक्रमित किया गया। यह जीन लगभग 827 बीपी लंबा, 275 अमिनो एसिड प्रोटीन के लिए कोडिंग था। RxLR प्रभावकारी प्रोटीन (RxLR29) के ब्लास्ट विश्लेषण ने *फाइटोफ्थोरा सोजे* के RxLR प्रभावकारी प्रोटीन PSR2 के साथ 31.96% समानता दिखाई। SWISS MODEL कार्यक्षेत्र (चित्र a) का उपयोग करके त्रि-आयामी (3 डी) प्रोटीन संरचना का निर्माण किया गया था। प्रोटीन डेटा बैंक (ID: 5GNC) से RxLR29 प्रोटीन के मॉडल के निर्माण के लिए टेम्प्लेट के रूप में 30.08% की अनुक्रम समानता के साथ एक प्रोटीन का उपयोग किया गया। मोलप्रोबिटी कार्यक्रम से रामचंद्रन प्लॉट का उपयोग करके मॉडल की गई संरचना को मान्य किया गया था। मॉडल किए गए प्रोटीन के सभी अमिनो एसिड अवशेष रामचंद्रन प्लॉट अनुमत क्षेत्रों (चित्र बी.) के भीतर फिट होते हैं। RxLR प्रोटीन ने 1.45% मेलप्रोबिटी स्कोर दिखाया, 94.44% अवशेष इष्ट अवशेषों में और 0.85% बाहरी क्षेत्रों में थे।



RxLR29 प्रोटीन (ए) और RxLR29 प्रोटीन (बी) के रामचंद्रन प्लॉट की अनुमानित संरचना

प्रमुख घटनाएं

मानव संसाधन विकास

आईसीएआर-आईआईसआर के तकनीशियनों तथा कुशल सहायक कर्मचारियों के लिए प्रकार्यात्मक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण10-12 अगस्त 2022 के दौरान आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का समन्वय श्री. जयराजन के. द्वारा किया गया। आईआईएसआर मुख्यालय, आईआईएसआर प्रायोगिक प्रक्षेत्र, पेरुवण्णामुषि और आईआईएसआर क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पंगला के सात तकनीकी कर्मचारियों और तीन कुशल सहायक कर्मचारियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

तकनीकी कर्मचारियों और कुशल सहायक कर्मचारियों के लिए 10-12 अगस्त 2022 के दौरान आयोजित प्रकार्यात्मक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम

"लाइफ साइन्स मीट्स प्रोग्रामिंग" पर कार्यशाला

शोध छात्रों, वैज्ञानिकों तथा सहायक आचार्य के लिए भाकृअनुप-भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान, कोषिक्कोड के जैवसूचना केंद्र द्वारा 13-15 सितंबर 2022 के दौरान "लाइफ साइन्स मीट्स प्रोग्रामिंग" पर तीन दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ. संतोष जे. ईपन, पूर्व निदेशक, आईसीएआर-आईआईएसआर ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आईसीएआर-आईआईएसआर से सुश्री सोना चार्ल्स, श्री. मुकेश शंकर एस. और श्री. जयराजन के. अमृत विश्व विद्यापीठम से डॉ. प्रशांत एन. सुरवझाला, भाकृअनुप-केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान, भोपाल से श्री. सबीष ए. और एम एस स्वामिनाथन रिसर्च फाउंडेशन से डॉ. मेरलिन लोपस द्वारा विभिन्न सत्रों का संचालन किया गया। कार्यशाला में सिद्धांत के साथ-साथ बुनियादी जैवसूचना, आर, पायथन, लिनक्स और गैलक्सी का परिचय आदि पर व्यावहारिक सत्र शामिल थे। परिषद के विभिन्न संस्थानों, विश्वविद्यालयों तथा कालेजों से प्राप्त 200 आवेदनों से 15 प्रतिभागियों का चयन किया गया। चर्चा के दौरान प्रतिभागियों की शंका का निवारण भी किया गया।



13-15 सितंबर 2022 के दौरान "लाइफ साइन्स मीट्स प्रोग्रामिंग" पर ऑनलाइन कार्यशाला

अखिल भारतीय समन्वित मसाला अनुसंधान परियोजना

कोविड-19 महामारी के बाद भाकृअनुप-अखिल भारतीय समन्वित मसाला अनुसंधान परियोजना की XXXIII वीं वार्षिक समूह बैठक 13-15 अक्तूबर 2022 को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या, उत्तर प्रदेश में पहली बार ऑफलाइन मोड में आयोजित की गई। डॉ. एन. के. कृष्ण कुमार, पूर्व उप महानिदेशक (बागवानी विज्ञान), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने समूह बैठक का उद्घाटन किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने भारत में मसाला व्यापार में बाज़ार की क्षमता को मज़बूत करने और इसके लिए बाज़ार की जानकारी तैयार करने पर भी प्रकाश डाला। डॉ. सी. के. तंकमणी, निदेशक एवं परियोजना समन्वयक (मसाले) आईसीएआर-आईआईएसआर, कोषिक्कोड ने सभी का स्वागत किया और वर्ष 2021-22 में एआईसीआरपीएस की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। डॉ. बिजेंद्र सिंह, उप कुलपति, एएनडीयुएटी, कुमारगंज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए अंतर फसल के रूप में मसाले उगाने के महत्व पर ज़ोर दिया। डॉ. वी. ए. पार्थसारथी, पूर्व निदेशक एवं परियोजना समन्वयक, (मसाले) आईसीएआर-आईआईएसआर, कोषिक्कोड समारोह में सम्मानित अतिथि थे। उद्घाटन समारोह में सरदार कृषिनगर दंडिवाडा कृषि विश्वविद्यालय, जगुदान को "सर्वश्रेष्ठ एआईसीआरपीएस केंद्र पुरस्कार 2021-22" प्रदान किया गया। डॉ. जे. रमा, पूर्व निदेशक एवं परियोजना समन्वयक, (मसाले) आईसीएआर-आईआईएसआर, कोषिक्कोड, डॉ. होमी चेरियान, निदेशक, डीएएसडी, कोषिक्कोड, डॉ. संजय पाठक, डीन बागवानी कालेज, एएनडीयुएटी, कुमारगंज, डॉ. एस. एन. सक्सेना , कार्यकारी निदेशक, आईसीएआर-एनआरसीएसएस, अजमेर,

राजस्थान, डॉ. ए. बी. रमश्री, निदेशक (अनुसंधान) स्पाइसस बोर्ड, कोच्चि आदि ने बधाई दी। डॉ. के. एस. कृष्णमूर्ति, प्रधान वैज्ञानिक, आईसीएआर-आईआईएसआर, कोषिक्कोड ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यशाला का आयोजन छह तकनीकी सत्रों जैसे आनुवंशिक संसाधन एवं फसल सुधार, फसल प्रबंधन, फसल संरक्षण, किस्म विमोचन, प्रौद्योगिकी स्थानांतरण और संपूर्ण सत्र के रूप में किया गया। कार्यशाला के दौरान, आईसीएआर-एआईसीएरपीएस ने आईसीएआर-आईआईएसआर क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पंगला , कोडगु, कर्नाटक द्वारा विकसित छोटी इलायची किस्म अप्पंगला -3 को विमोचित करने के लिए संस्तुत किया गया।

एआईसीएरपीएस की XXXIII वीं वार्षिक समूह बैठक में तीन तकनीकों की भी अपनाने की सिफारिश की गई। जैसे,

1. ज़िंक, लोहा, मैंगनीस और बोरोन की आधी मात्रा का प्रयोग उनके पर्णीय छिड़काव के साथ मृदा उपचार करने पर जीरे की उत्पादकता को 3.96 का उच्च लाभ-लागत अनुपात के साथ 684.6 कि. ग्रा. / हेक्टर तक बढ़ा सकता है।
2. मेथी की ड्रिप सिंचाई अंतराल का मानकीकरण और सूक्ष्म पोषक फर्टिगेशन विधि।
3. क्रेज़ोक्सिम मीथाइल 44.3 एससी @ 0.044%. के तीन पर्णीय छिड़कावों का प्रयोग करके जीरे में एफिड और ब्लाइट का प्रबंधन।

एएनडीयुएटी, कुमारगंज में 13-15 अक्तूबर 2022 को संपन्न एआईसीआरपीएस कार्यशाला की झलकियां

प्रमुख घटनाएं

आईसीएआर-आईआईसआर क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पंगला में छोटी इलायची खेत दिवस

भारत की स्वतंत्रता के 75 वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आईसीएआर-आईआईसआर क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पंगला में दिनांक 22.08.2022 को "छोटी इलायची खेत दिवस" आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन इलायची पौधों की सिंचाई करके किया गया। श्री. के. जी. रामचंद्रा, प्रगतिशील किसान और कृषि पंडित पुरस्कार विजेता कलाले, सकलेशपुरा ने अपने उद्घाटन भाषण में कृषि अनुभव, विशेषकर इलायची खेती के अनुभव को साझा किया। डा. के. एस. आनंदा, पूर्व अध्यक्ष, सीपीसीआरआई क्षेत्रीय स्टेशन, विट्टल ने अपने संबोधन में मिश्रित फसल प्रणाली के महत्व एवं नवीन प्रजातियों के चयन के बारे में प्रकाश डाला। श्री. सुदीप, प्रगतिशील किसान ने इलाय़ची खेती में अपने अनुभव को साझा किया। डॉ. एस. जे. आंकेगौडा, प्रधान वैज्ञानिक और प्रमुख, भाकृअनुप-भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पंगला ने अपने अध्यक्षीय भाषण में उच्च बाज़ार मूल्य प्राप्त करने के लिए चिरस्थायी उत्पादन के महत्व पर ज़ोर दिया और निर्यातित उपज की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए उर्वरकों और पौध संरक्षण रसायनों के कीटनाशकों के विवेकपूर्ण उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. अक्षिता एच. जे., वैज्ञानिक, आईसीएआर-आईआईसआर क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पंगला ने छोटी इलायची की उत्पादन तकनीकी में हुई प्रगति पर विस्तृत प्रस्तुति दी। डॉ. शिवकुमार एम. एस., वैज्ञानिक, आईसीएआर-आईआईसआर क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पंगला ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतिभागियों को इलायची के प्रायोगिक खेतों और गुणन ब्लॉकों में ले जाया गया। चालू रही विभिन्न अनुसंधान गतिविधियों के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया और इलायची के रोपण और कटाई का प्रदर्शन भी किया। इलायची और काली मिर्च प्रजातियों तथा तकनीकियों का प्रदर्शन आयोजित किया था। खेत दिवस में कोडगु, चिकमंगलूर, मैसूर, दक्षिण कन्नडा और हस्सन जिलों से लगभग 41 किसानों ने भाग लिया।

अप्पंगला में 22.08.2022 को आयोजित छोटी इलायची खेत दिवस

दिनांक 1 जुलाई 2022 को आईसीएआर-आईआईएसआर स्थापना दिवस समारोह

भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान (आईआईएसआर) ने 1 जुलाई 2022 को अपना स्थापना दिवस मनाया। डॉ. ए. के. सिंह , उप महानिदेशक (बागवानी विज्ञान), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने समारोह का उद्घाटन किया। डॉ. एस. जयश्री, अध्यक्ष, स्थायी समिति (स्वास्थ्य), कोषिक्कोड नगर निगम और पूर्व प्रिंसिपाल, सरकारी कला और विज्ञान महाविद्यालय, कोषिक्कोड उस दिन की सम्मानित अतिथि थी। बैठक की अध्यक्षता डॉ.

प्रमुख घटनाएं

विक्रमादित्य पांडे, सहायक महानिदेशक (बागवानी विज्ञान), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने की। डा. मनोज पी. सामुवल, कार्यकारी निदेशक, केंद्रीय जल संसाधन विकास और प्रबंधन (सीडब्ल्युआरडीएम) ने 'जल: बदलते जलवायु परिदृश्य के मद्देनज़र मात्रा और गुणवत्ता प्रबंधन रणनीतियां' पर स्थापना दिवस व्याख्यान दिया। महिला उद्यमियों का समर्थन करने के उद्देश्य से एक नई पहल में, संस्थान ने अपने ऑफ कैंपस इनक्युबेटी, सुमन रिसर्च एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर, पालाषी, कोषिक्कोड द्वारा विकसित धनिया और मसालों का एक पारंपरिक नुस्खा उत्पाद, मल्लिकाप्पी लॉन्च किया। स्थापना दिवस के भाग के रूप में संस्थान ने कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले के जोमी मैथ्यु, हिमाचल प्रदेश के कर्नल प्रकाश चंद राणा और कोषिक्कोड के एम एम जोसफ को महत्वपूर्ण योगदान के लिए मसाला उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया; मेसर्स नामसाई ऑर्गेनिक स्पाइसेस एंड एग्रिकल्चरल प्रोडक्ट्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड और मेसर्स अट्टाप्पाडी कोओपरेटीव फार्मिंग सोसाइटी ने मसाला क्षेत्र में अपने हस्तक्षेप के लिए संस्थागत श्रेणी में मसाला पुरस्कार जीता। संस्थान ने मेसर्स केशव प्लान्ट्स एंड लान्डस्केप्स (जायफल किस्म, आईआईसआर विश्वश्री और आईआईसआर केरलश्री) तथा मेसर्स ओलेविया एग्रोफार्मिंग प्राइवट लिमिटेड (काली मिर्च किस्म, आईआईएसआर तेवम) के साथ दो वराइटी लाइसेंसिंग समझौते भी निष्पादित किए। संस्थान ने हल्दी और इलायची की खेती पर दो विस्तार पुस्तिकाएं ज़ारी कीं।

प्रमुख घटनाएं

स्थापना दिवस कार्यक्रम की झलक

प्रमुख घटनाएं

आईसीएआर सेवा नियमों पर वेबिनार

भारत की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए भाकृअनुप-भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान, कोषिक्कोड में 12 अगस्त 2022 को आईसीएआर सेवा नियमों पर वेबिनार आयोजित किया। डॉ. सी. के. तंकमणी, कार्यकारी निदेशक ने परिचयात्मक टिप्पणी प्रस्तुत की और श्री. टी. ई. जनार्द्दनन वैज्ञानिको, तकनीकी और प्रशासनिक श्रेणियों के लिए आईसीएआर सेवा नियमों का विवरण प्रस्तुत दिया।

आईआईएसआर ने स्वतंत्रता दिवस 2022 मनाया

संस्थान के सभी केंद्रों में 75वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। मुख्यालय में डॉ. सी. के. तंकमणी, कार्यकारी निदेशक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आईआईएसआर कोषिक्कोड, तथा आईआईसआर प्रायोगिक प्रक्षेत्र, पेरुवण्णामुषि में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण समारोह में शामिल किया।

प्रमुख घटनाएं

आईसीएआर-आईआईएसआर ने मेसर्स बेयर क्रोप सायन्स लिमिटड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया

भाकृअनुप-भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान (आईआईएसआर) ने 25 अगस्त 2022 को क्षमता निर्माण, पौध संरक्षण और सूत्रकृमि प्रबंधन कार्यक्रमों के विकास के लिए बेयर क्रोप सायन्स लिमिटड के साथ एक समझौता पर हस्ताक्षर किए। दोनों संगठन अनुसंधान ज्ञान, विशेषज्ञता और क्षमताओं का साझा करने के लिए सहयोग करेंगे। साझेदारी का उद्देश्य मसालों, विशेष रूप से काली मिर्च और अदरक में नेमटोड प्रबंधन के लिए एक मॉड्यूल विकसित करने पर विशेष ज़ोर देने के साथ क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करना भी है। इस समझौते पर डॉ. संगीता मेंदिरत्ता और श्री. योगेश मोहिते सहित बेयर के विभिन्न प्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर किए, जबकि डॉ. सी. के. तंकमणी, निदेशक (कार्यकारी) ने बैठक की अध्यक्षता की। श्री. योगेश मोहिते और डॉ. वी. श्रीनिवासन क्रमश: बेयर क्रोप साइंस लिमिटड और आईसीएआर-आईआईएसआर अधिदेशों और मिशनों को संक्षेप में प्रस्तुत किया। डॉ. ए. ईश्वर भट्ट, अध्यक्ष (कार्यकारी) . फसल संरक्षण प्रभाग ने समझौते के बारे में जानकारी दी और समझौता ज्ञापन के विभिन्न घटकों के तहत प्रस्तावित गतिविधियों के बारे में बताया। सहयोग का उद्देश्य बड़े पैमाने पर भारत के कृषि समुदाय के लाभ के लिए समझौता ज्ञापन के उद्देश्य और मिशन को प्राप्त करने की दिशा में सुरक्षित मसाला उत्पादन के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं का विकास करना है।

आईसीएआर-आईआईएसआर और मेसर्स बेयर क्रोप साइंस लिमिटड के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 का शुभारंभ

भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान (आईआईएसआर) अभिनव फिटनस अभियान शुरू करके फिट इंडिया मिशन 3.0 में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है। आईआईएसआर ने तीनों केंद्रों जैसे, आईसीएआर-आईआईएसआर कोषिक्कोड, आईसीएआर-आईआईएसआर क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पंगला और आईसीएआर-आईआईएसआर प्रायोगिक प्रक्षेत्र, पेरुवण्णामुषि में दिनांक 02.10.2022 को फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 का उद्घाटन किया। आईसीएआर-आईआईएसआर कोषिक्कोड में संस्थान के निदेशक ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह अभियान नागरिकों को भारत की 75वीं स्वतंत्रता वर्षगांठ पर फिटनेस के लिए प्रतिबद्ध होते हुए किसी भी रूप में 30 मिनट की शारीरिक गतिविधि शामिल करने और सक्रिय जीवन शैली का जश्न मनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

साइबर जागरूकता दिवस 2022

आईआईएसआर के वार्षिक दिवस समारोह के भाग के रूप में साइबर जागरूकता दिवस के अवसर पर दिनांक 6 अकतूबर 2022 को डॉ. गीता राधाकृष्णन, सहायक प्रोफसर, कंप्यूटर सायन्स, केरल कृषि विश्व विद्यालय द्वारा साइबर सुरक्षा: “सुरक्षित रहें : साइबर स्मार्ट बनें” पर एक व्याख्यान आयोजित किया था।

प्रमुख घटनाएं

राष्ट्रीय एकता दिवस

वास्तविक और संभावित चुनौतियों का सामना करने में हमारे देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए 31.10.2022 को आईआईएसआर में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। आईआईएसआर ने प्रतिज्ञा ग्रहण समारोह आयोजित करके इस समारोह को मनाया। निदेशक ने समारोह का नेतृत्व किया और स्टाफ सदस्यों ने हमारे राष्ट्र की ताकत और लचीलेपन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने की प्रतिज्ञा ली।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022

भाकृअनुप-भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान (आईआईएसआर), कोषिक्कोड ने 31 अक्तूबर से 6 नवंबर 2022 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया। दिनांक 31 अक्तूबर 2022 को सुबह 11 बजे डॉ. डी. प्रसाथ (प्रधान वैज्ञानिक और सतर्कता अधिकारी) ने स्टाफ को संबोधित किया और सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की। डॉ. सी. के. तंकमणी, निदेशक ने स्टाफ सदस्यों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियां शामिल थी, जैसे अखंडता प्रतिज्ञा, नारा लेखन और चित्र रचना, भाषण, सतर्कता प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताएं शामिल थीं और लगभग 100 प्रतिभागियों के साथ सतर्कता जागरूकता रैली भी आयोजित की। समापन समारोह 4 नवंबर 2022 को आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. डी. प्रसाथ ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 की रिपोर्ट प्रस्तुत की और श्रीमती निर्मला देवी, महा डाकपाल , कोषिक्कोड ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और जनता के बीच सतर्कता जागरूकता के बारे में अपना विचार साझा किया। श्री. आर. भरतन, मुख्य तकनीकी अधिकारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम समाप्त हुई।

स्वच्छता पखवाडा 2022

डॉ. आर. दिनेश, निदेशक, आईसीएआर-आईआईएसआर द्वारा 16 दिसंबर 2022 को स्वच्छता पखवाडा का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया गया। निदेशक द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गई, जिसमें स्टाफ के साथ छात्रों ने भी भाग लिया। निदेशक, आईसीएआर-आईआईएसआर द्वारा अनुष्ठानिक पौधारोपण किया गया, जिसके बाद स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सामाजिक विज्ञान, फसल उत्पादन, प्रशासन तथा पुस्तकालय द्वारा विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रम चलाए गए। आईसीएआर-आईआईएसआर क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पंगला और आईसीएआर-आईआईएसआर प्रायोगिक प्रक्षेत्र, पेरुवण्णामुषि में भी स्वच्छता पखवाडा के संबंध में विभिन्न स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

आईआईएसआर कोषिक्कोड में आयोजित स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम

प्रमुख घटनाएं

स्वच्छता पखवाडा कार्यक्रम के हिस्से के रूप में दिनांक 28.12.2022 को सरकारी प्राथमिक विद्यालय, बेट्टागिरी गांव के प्रथम से सातवें दर्जे के छात्रों के लिए निबंध लेखन और चित्र रचना प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वच्छता पखवाडा के संबंध में, आईसीएआर-आईआईएसआर का प्रतिनिधित्व करने वाले स्वयं सेवकों के एक दल ने 28.12.2022 को मेरा गांव मेरा गौरव कार्यक्रम के तहत संस्थान द्वारा गोद लिए गए गांव कट्टिप्पारा का दौरा किया। निर्मला यु. पी. स्कूल, चमाल में वैज्ञानिक-किसान पारस्परिक चर्चा का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन श्री. मोहम्मद मोयथ, अध्यक्ष, कट्टिप्पारा ग्राम पंचायत द्वारा किया गया।

28.12.2022 को स्वच्छता पखवाडा के तहत कट्टिप्पारा गांव में मेरा गांव मेरा गौरव कार्यक्रम का आयोजन

प्रमुख घटनाएं

आईसीएआर-आईआईएसआर क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पंगला के अधिकारियों द्वारा बागवानी विभाग, लालबाग, बैंगलूरू के स्नातक प्रशिक्षुओं के लिए स्वच्छता और दौनिक जीवन में स्वच्छता के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

स्वच्छता पखवाडा 2022 का समापन समारोह 30 दिसंबर 2022 को भाकृअनुप-भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान (मुख्यालय), कोषिक्कोड में संपन्न हुआ। निदेशक ने समारोह की अध्यक्षता की और स्वच्छता पखवाडे के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। सभी कार्यक्रम "स्वच्छता और स्वच्छ भारत" विषय पर आयोजित किए गए।

स्वच्छता 2.0, लंबित मामलों के निपटान के लिए एक विशेष अभियान 02-31 अक्तूबर , 2022 में आईसीएआर-आईआईएसआर, चेलवूर, क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पंगला, प्रायोगिक प्रक्षेत्र, पेरुवण्णामुषि, कृषि विज्ञान केंद्र, पेरुवण्णामुषि में आयोजित किया गया था। स्थान के कुशल प्रबंधन के लिए, आईसीएआर-आईआईएसआर, चेलवूर, क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पंगला, प्रायोगिक प्रक्षेत्र, पेरुवण्णामुषि, कृषि विज्ञान केंद्र, पेरुवण्णामुषि के भंडार कक्ष की सफाई की गई और कबाड की छंटाई की गई।

बच्चों में खेती की रुचि को बढ़ावा देने के लिए, सेंट जोसफ हाई स्कूल, चेम्बानोड के छात्रों को सब्जी के बीज वितरित किए गए और छात्रों को शामिल करके कृषि विज्ञान केंद्र, पेरुवण्णामुषि में वनस्पति उद्यान की स्थापना की गई। स्वच्छता अभियान के एक भाग के रूप में, क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पंगला में "स्वच्छ भारतीय, हरित भारत" विषय पर संविदा कर्मियों के बीच चित्र रचना प्रतियोगिता आयोजित की गई।

आईसीएआर-आईआईसआर, कोषिक्कोड में 27-28 जुलाई 2022 को तीसरी शोध सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई।

आईसीएआर-आईआईसआर की IXवीं शोध सलाहकार समिति की तीसरी बैठक 27-28 जुलाई 2022 को हाइब्रिड मोड पर आयोजित की गई थी। डॉ. एन. के. कृष्णकुमार, पूर्व उप महानिदेशक (बा.वि.) आईसीएआर IXवीं आरएसी के अध्यक्ष थे। डॉ. जितेंद्र कुमार, निदेशक, कीटनाशक सूत्रीकरण प्रौद्योगिकी संस्थान (आईपीएफटी), गुरुग्राम, दिल्ली, डॉ. हेमेंद्र सी. भट्टाचार्या, पूर्व डीईई, एएयु, जोरहाट और डीन, डाफोडिल बागवानी कॉलेज, गुवाहटी (मेट्रो) असम, श्री. जयचंद्रन मास्टर, टी. पी. (आईएमसी सदस्य) और डॉ. सी. के. तंकमणी, निदेशक, आईसीएआर-आईआईसआर, कोषिक्कोड और सदस्य सचिव आरएसी ने व्यक्तिगत रूप से बैठक में भाग लिया, जबकि अन्य सदस्य डॉ. उमेश श्रीवास्तव, पूर्व सहायक महानिदेशक (बागवानी) आईसीएआर; डॉ. वी. सी. माथुर, पूर्व प्रोफसर, कृषि आर्थिकी प्रभाग, आईसीएआर-आईएआरआई, नई दिल्ली: श्री नंजुंदन भोजन (आईएमसी सदस्य); डॉ. विक्रमादित्य पांडे, सहायक महानिदेशक (बागवानी विज्ञान -I), आईसीएआर, नई दिल्ली ने सिस्को वेबेक्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन बैठक में भाग लिया, जबकि सदस्य डॉ. वी. जी. मालती, पूर्व प्रधान वैज्ञानिक (पादप रोगविज्ञान), भाकृअनुप-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली ने स्वास्थ्य ठीक न होने से बैठक में शामिल नही हो रही है।

दिनांक 27 जुलाई 2022 को डॉ. एन. के. कृष्णकुमार, अध्यक्ष, आरएसी ने आरएसी के अन्य सदस्यों, संस्थान के निदेशक तथा अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में संस्थान के एसनशयल तेल निष्कर्ष इकाई का उद्घाटन किया। इसके बाद संस्थान के परिसर में आरएसी के अध्यक्ष और सदस्यों द्वारा पौधारोपण किया गया। बाद में, अध्यक्ष और समिति के अन्य सदस्यों ने विभिन्न प्रयोगशालाओं तथा नर्सरी और अदरक बाग के अन्य सुविधाओं का दौरा किया।

आरएसी की औपचारिक बैठक 27 जुलाई 2022 को सुबह 11.30 बजे आईसीएआर गीत के साथ शुरू हुई। निदेशक ने सदस्यों का स्वागत किया और तत्पश्चात् अध्यक्ष और आरएसी के सदस्यों द्वारा टिप्पणी शुरू हुई। संस्थान के नवनियुक्त वैज्ञानिकों का परिचय कराया गया। डॉ. वी. श्रीनिवासन, प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रभारी अधिकारी, पीएमई सेल ने IXवीं आरएसी की दूसरी बैठक की कार्रवाई की रिपोर्ट (एटीआर) प्रस्तुत की।

निम्न लिखित का लॉच और प्रकाशनों का विमोचन किया गया:

1. आईआईएसआर ई-सोफ्ट (मसालों में लक्षित उपज के लिए मृदा-परीक्षण आधारित उर्वरक की सिफारिश) का शुभारंभ: डॉ. एन. के. कृष्णकुमार द्वारा विमोचन किया गया।
2. आईसीएआर-आईआईएसआर, कोषिक्कोड द्वारा विकसित खाद्य उत्पादों का सुभारंभ (तीन प्रकार के मसालों के स्वाद वाली फिंगर मिलेट कुकीज़ और छह प्रकार के मसालों के स्वाद वाली आईसक्रीम) : डॉ. जितेंद्र कुमार द्वारा विमोचन किया गया।
3. श्री. जयचंद्रन मास्टर टी. पी. द्वारा जैविक खेती के लिए हल्दी किस्मों पर विस्तार पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया।
4. डॉ. हेमेंद्र सी. भट्टाचार्य द्वारा आईसीएआर-आईआईसआर के मसाला किस्मों का संकलन का विमोचन किया गया।
5. डॉ. विक्रमादित्य पांडे द्वारा मसाला पुरस्कार: प्रोफाइल्स इन एक्सलेंस दिया गया।

महा परियोजनाओं के नेताओं द्वारा वर्ष 2021-22 के दौरान हुई प्रगति को प्रस्तुत किया। आरएसी के अध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों द्वारा सात महा परियोजनाओं के तहत हुई प्रगति की आलोचनात्मक समीक्षा की और परिणामों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक आरएसी के अध्यक्ष तथा अन्य सदस्यों की टिप्पणियों से साथ समाप्त हुई और उसके बाद डॉ. सी. के. तंकमणी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

पीएमई सेल

आरएसी के अध्यक्ष और सदस्यों ने 28 जुलाई 2022 को आईसीएआर-आईआईएसआर प्रायोगिक प्रक्षेत्र तथा कृषि विज्ञान केंद्र, पेरुवण्णामुषि का दौरा किया और परीक्षणों को ठीक करने के लिए सुझाव दिए गए।

आरएसी बैठक और संबंधित यात्राओं की झलक

प्रौद्योगिकियों का अंतरण

व्यापार योजना और विकास विभाग

कोषिक्कोड की एक युवा महिला किसान बिंदु जोसफ ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय कृषि पुरस्कार-2021 जीता। उन्हें 16 जुलाई 2022 को नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर से एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार, एक प्रशस्ति पत्र और एक स्मृति चिंह्न सहित पुरस्कार मिला। भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान, कोषिक्कोड के तहत पेरुवण्णामुषि में आईसीएआर-केवीके द्वारा बिंदु को पुरस्कार के लिए नामित किया गया था। उन्हें स्थायी और एकीकृत कृषि प्रणालियों, मृदा स्वास्थ्य और जल संरक्षण, कृषि अपशिष्ट प्रबंधन और कृषि गतिविधियों के विविधीकरण पर उनके काम के लिए सम्मानित किया गया। केवीके के अधिकारियों ने साथी किसानों के बीच प्रौद्योगिकी के क्षैतिज प्रसार के लिए उनके प्रयासों को श्रेय दिया।

कृषि उद्यमियों के लिए प्रशिक्षण

आईआईएसआर ने 13-15 सितंबर 2022 तक मसालों की खेती और व्यवसाय विकास में मदद करने के लिए मैनेज, हैदराबाद के साथ साझीदारी में एक ऑनलाइन सहयोगात्मक पुनश्चर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम (आरटीपी) की सुविधा प्रदान की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूरे भारत से 55 निपुण कृषि उद्यमियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान, एबीआई इकाई के कई इनक्युबेट्स ने अपनी जीत और अनुभव साझा किए, जिनमें मेसर्स Hi7 एग्री बायोसोल्यूशन्स लिमिटड से श्री गावस्कर, एसआरटी एग्रो साइंस प्राइवट लिमिटड से सुश्री पूजा राव ओर स्पाइसर प्राइवट लिमिटड, कोषिक्कोड, केरल से श्री. अलोग मेनन शामिल थे। मसालों की खेती और बिक्री में व्यवसायों का समर्थन करने के लिए आईआईएसआर की प्रतिबद्धता के अनुरूप कार्यक्रम का समन्वय डॉ. श्रीजा द्वारा संभाला गया था।

"मल्लिकाप्पी" का शुभारंभ: उत्पाद की ब्रांडिंग और विपणन में आईआईएसआर की भूमिका

आईआईएसआर ने सीधे किसानों से प्राप्त मसाला आधारित मूल्य उत्पादों की ब्रांडिंग और विपणन में ऐसे स्टार्ट अप में से एक को अपना समर्थन दिया है। केरल के स्थानीय लोगों द्वारा व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले मसालों से बना एक पारंपरिक प्रतिरक्षा बूस्टर, मल्लिकाप्पी, को आधिकारिक तौर पर संस्थान के स्थापना दिवस पर 1 जुलाई को इनक्युबेटी "सुमन रिसर्च एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर" की ओर से लॉच किया गया था, जो एक एनजीओ है जो कोषिक्कोड जिले की मानसिक रूप से विक्षिप्त महिलाओं के पुनर्वास के लिए काम कर रहा है।

केरल के उद्यमी ने आईसीएआर-आईआईएसआर के उद्भवन के साथ वर्षों के शोध के बाद 'कुरकु-मील' विकसित किया।

त्रिश्शूर, केरल की एक उद्यमी श्रीमती गीता सलीश ने आईसीएआर-आईआईएसआर के उद्भवन के साथ दो साल के कठिन और लगातार शोध के बाद "कुरकु-मील" विकसित किया। "कुरकु-मील" हल्दी, खजूर, बादाम, नारियल के दूध और गुड़ का मिश्रण है। कुरकु-मील की तैयारी के लिए, उच्च कुरकुमिन सामग्री वाली हल्दी की प्रतिभा किस्म सबसे उपयुक्त है। आईसीएआर-आईआईसआर स्थापना दिवस पर, उन्हें आईआईसआर से विशेष रूप से आईआईसआर प्रतिभा हल्दी की खेती के लिए लाइसेंस प्राप्त हुआ।

प्रौद्योगिकियों का अंतरण

माननीय प्रधान मंत्री द्वारा उद्घाटन किए गए कृषि सम्मेलन में आईआईएसआर के अभिनव स्टार्ट-अप का समर्थन किया

आईआईएसआर ने एग्री स्टार्ट-अप कॉन्क्लेव और किसान सम्मेलन-2022 में तीन स्टार्ट अप लाइसेंसधारियों / फर्मों, अर्थात् छत्तीसगढ़ से एसआरटी एग्रो साइंस प्राइवट लिमिटेड, कर्नाटक से कोडगु एग्रीटेक और एचआई 7 एग्री बायो सॉल्यूशन्स की भागीदारी की सुविधा प्रदान की। यह कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री की उपस्थिति में आयोजित किया गया था और 17 अक्तूबर , 2022 को आईएआरआई मेला ग्राउंड, पूसा, नई दिल्ली में हुआ था। स्टार्ट अप कृषि से संबंधित अपने नवीन विचारों और प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने में सक्षम थे और आईआईएसआर द्वारा प्रदान किए गए समर्थन के लिए धन्यवाद अदा करते हैं।

प्रौद्योगिकी हस्तांतरण

- जुलाई-दिसंबर 2022 की अवधि में देश भर के विभिन्न किसानों/फर्मों के साथ चार लाइसेंस समझौते निष्पादित किए गए, तीन काली मिर्च और जायफल की किस्मों के व्यावसायिक गुणन और विपणन के लिए और एक तकनीक 'पीजीपीआर/सूक्ष्मजीवों के भंडारण और वितरण की एक नई विधि' के लिए 'बायोकैप्स्यूल' के माध्यम से है।
- 'इलायची के लिए एक सुक्ष्मपोषक संरचना और इसकी तैयारी के लिए एक प्रक्रिया' प्रौद्योगिकी के लिए पेटेंट दिया गया (भारतीय पेटेंट संख्या 413017, दिनांक 31.03.2015)।
- दानेदार चूना सूत्रीकरण और इसकी तैयारी के लिए एक प्रक्रिया हेतु राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण की स्वीकृति भारतीय पेटेंट आवेदन संख्या -202241010858 के आविष्कार के लिए प्राप्त की गई थी।

परामर्श संसाधन सेल

- आईआईएसआर ने मसालो की खेती, उत्पादन और सुरक्षा उपायों के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं के विकास पर सहयोगी अनुसंधान के लिए मैसर्स बायर क्रॉप साइंस प्राइवट लिमिटड, महाराष्ट्र के साथ एमओए में प्रवेश किया।
- आईटीएमयु और एबीआई ने केरल और कर्नाटक के काली मिर्च के विभिन्न बागानों के लिए 3 परामर्श यात्राओं की सुविधा प्रदान की।
- सलाहकार के रूप में डॉ. बिजु ने 15-16 नवंबर 2022 को काली मिर्च की उपज का आकलन करने के लिए मईफील्ड एस्टेट, हारिसनस मलयालम लिमिटड, गूडलूर, नीलगिरि (जिला), तमिलनाडु के दो डिविज़नों (मईफील्ड और एवोंडेल) का दौरा किया।

कृषि प्रौद्योगिकी सूचना केंद्र

अट्टप्पाडी सहकारी कृषि सोसायटी के लिए समर्थन

आईसीएआर-आईआईएसआर ने अपने मसाला उत्पादन कार्यक्रमों में सुधार के लिए हैंडहोल्डिंग सेवाओं के माध्यम से जनजातीय आबादी के कल्याण के लिए स्थापित संस्था, अट्टप्पाडी सहकारी कृषि सोसायटी से जुड़े जनजातीय लाभार्थियों के लिए समर्थन बढ़ाया। पहल के हिस्से के रूप में, संस्थान ने एसीएफएस को 300 जायफल ग्राफ्ट (आईआईएसआर केरलश्री), 300 दालचीनी के पौधे, 300 लौंग के पौधे और 500 इलायची सकेर्स (250 आईआईएसआर अविनाश और 250 अप्पंगला 1) की आपूर्ति की।

अदरक की वैज्ञानिक खेती पर प्रशिक्षण

आईसीएआर-आईआईएसआर ने 23-25 अगस्त 2022 के दौरान तेलंगाना के संगरेड्डी जिले के 21 एफपीओ प्रतिनिधियों के लिए उच्च उपज और गुणवत्ता के लिए अदरक की वैज्ञानिक खेती पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम नबार्ड, संगरेड्डी की वित्तीय सहायता से आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए कक्षा सत्र और फील्ड दौरे शामिल थे।

त्रिपुरा में मसालों पर कार्यशाला

दिनांक 27-28 सितंबर, 2022 के दौरान अगरतला के बागवानी विभाग, त्रिपुरा सरकार के सहयोग से "मसालों के उन्नत उत्पादन और प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियां" पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्थान के संसाधन व्यक्तियों ने उस क्षेत्र में मसाला उत्पादन में सुधार लाने के लिए रणनीति तैयार करने के लिए अधिकारियों, किसान प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों के साथ बातचीत की।

आदिवासी सशक्तीकरण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण एवं आदान आपूर्ति कार्यक्रम

संस्थान ने सितंबर में विभिन्न भागीदार संस्थानों के सहयोग से आदिवासी सहायता कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का आयोजन किया। वयनाड के तविंजल में मसालों की खेती पर (22 सितंबर 2022), पोषुताना, वयनाड के महिलाओं के लिए मशरूम की खेती पर प्रशिक्षण (22 सितंबर 2022) और मीनंगाडी में काली मिर्च की खेती पर प्रशिक्षण (24 सितंबर 2022) आदि कुछ महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम थे। इस प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु लाभार्थियों की विभिन्न प्रौद्योगिकी इनपुट आवश्यकताओं को भी वितरित किया गया।

मशरूम की खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में पोषुताना, वयनाड की आदिवासी महिला लाभार्थी

कृषि प्रौद्योगिकी सूचना केंद्र

सीमांत समुदायों पर पिछवाडे के मुर्गीपालन को लोकप्रिय बनाया

संस्थान ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति के परिवारों के बीच पिछवाडे के मुर्गी पालन को बढ़ावा देने के लिए एक केंद्रित हस्तक्षेप किया। एससी एसटी बस्तियों के कुल 50 घर पहचान की गई। कृषि विज्ञान केंद्र, कोषिक्कोड के सहयोग से प्रत्येक लाभार्थी को उन्नत किस्म, ग्रामश्री के दस परत वाले चुजों की आपूर्ति की गई। इस हस्तक्षेप से परिवारों की पोषण सुरक्षा में वृद्धि होने और इन लक्षित समुदायों के बीच पूरक आय के व्यवहार्य स्रोत के रूप में लेयर मुर्गी पालन को लोकप्रिय बनाने की उम्मीद है। लेयर मुर्गी प्रबंधन और लेयर चूजों के वितरण पर प्रशिक्षण 24 सितंबर 2022 को एसटी लाभार्थियों के लिए कोडंचेरी में और 01 अक्तूबर 2022 को एससी लाभार्थियों के लिए कट्टिप्पारा में आयोजित किया गया था।

कोडंचेरी में आदिवासी महिला लाभार्थियों को लेयर चूजों का वितरण

मसाला प्रसंस्करण और उद्यमिता विकास पर कार्यशाला

